>

Title : Alleged deaths caused by consumption of spurious liquor in Ahmedabad, Gujrat.

श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम (जामनगर): अध्यक्ष महोदया, मुझे बड़े दुःख के साथ कहना पड़ता है कि गांधी के गुजरात में जहरीली शराब पीने से 125 लोगों की मृत्यु हो गई। जब मैं सुबह घर से चला तो यह संख्या 92 थी, जब मैं इस सदन में आया तो यह संख्या बढ़कर 114 हो गई और मुझे अभी मैसेज मिला है कि वहां 125 लोगों की मृत्यु हो गई है। हर दो घंटे में दस लोग मर रहे हैं। जहां तक शराब की बात है, तो गुजरात में बहुत पहले से शराब बंदी है, लेकिन वहां हर चौराहे पर, स्कूल के पास और अन्य जगहों पर शराब बिकती है...(व्यवधान) यह कोई आज की बात नहीं है। सन् 2008 में एक गैर सरकारी संस्था काकरिया मोड़ जागरुक समिति है, उसने कुछ दिनों पहले पुलिस को लिखकर इस बात को आइडेंटीफाई किया था कि इन-इन जगहों पर जहरीली शराब बिक रही है, लेकिन सरकार ने उस पर कोई एक्शन नहीं लिया। वहां की सरकार और पुलिस की मिलीभगत से इस काम द्वारा करोड़ों रुपया कमाया जा रहा है।

अध्यक्ष महोदया: आप केन्द्र सरकार से क्या चाहते हैं, वह पूछकर अपनी बात समाप्त करें।

श्री **विक्रमभाई अर्जनभाई मादम :** मैं दो मिनट में अपनी बात खत्म करूंगा, क्योंकि यह बहुत बड़ा इश्यू है। गुजरात विधान सभा का सत्र चल रहा है।.. * गुजरात की सरकार के खिलाफ वहां के लोग आवाज नहीं उठा सकते।...(व्यवधान) जो चाल-चरित्र और सुराज की बात करते हैं, वे लोग यहां बैठे हुए हैं।...(व्यवधान)

* Expunged as ordered by the Chair.

MADAM SPEAKER: This is pertaining to the Assembly.

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आप केन्द्र सरकार से क्या चाहते हैं, यह पूछकर अपनी बात समाप्त करें।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: The Assembly matter will not go into the record.[R3]

श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम : मैडम, जो लोग मर गये हैं, उन्हें तीन दिन तक मीडिया में दिखाया गया, उनकी लाशों को कोई उठाने वाला नहीं था। लोग मरे, उसका मुझे दुःख है लेकिन गांधी जी के गुजरात में मानवता मर गयी, उसका मुझे सबसे ज्यादा दुःख है। मरे हुए लोगों को कफन तक नसीब नहीं हुआ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER : The House will now take up further discussion on the General Budget and the Demands for Excess Grants for 2006-2007. Shri Sandeep Dixit to continue his speech.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइये। संदीप दीक्षित जी को बोलने दीजिए। आप शांत होकर बैठ जाइये, आपकी बात पूरी हो गयी है।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER : All this will not go on record.

*(Interruptions) â€¦**

MADAM SPEAKER : Except what Shri Sandeep Dixit is saying, nothing else will go on record.

*(Interruptions) â€¦**

SHRI ARJUN CHARAN SETHI (BHADRAK): Madam, the subject is the same. ...(*Interruptions*) It is an identical subject. ...(*Interruptions*)

* Not recorded.

MADAM SPEAKER : I will take it up when the notice comes.

...(*Interruptions*)

SHRI ARJUN CHARAN SETHI : Madam, please allow me. ...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER : I will take it up when the notice comes. Shri Sandeep Dixit to continue his speech.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : आप कृपया बैठ जाइये। कृपया शांत हो जाइये। सेठी जी, आप कृपया मन्डे को नोटिस दे दीजिए, आपका 23 नम्बर था, आपका नम्बर नहीं आया, नोटिस आने पर हम आपको इजाजत दे देंगे।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER : At the end of the day all the matters under 'Zero hour' will be taken up.

Shri Sandeep Dixit to speak.